**कार्यालय जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर**
**(खनन विभाग)**

संख्याः ३०७० /ख0अनु0/2023–24

दिनांकः 18/06/2024

M/s Lotus SRS Buildtech Pvt Ltd
Add:-H-352, Vikaspuri,
New Delhi 110018

अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 18.06.2024 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा अवगत कराना है कि Plot No GH-04A, Sector-12, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, जिसके 9467 वर्गमीटर भाग में प्रथम 6.00 मीटर गहराई तक बेसमेन्ट निर्माण कार्य किया जायेगा, जिसमें साधारण मिट्टी का खनन कार्य किया जायेगा तथा अपने प्रार्थना पत्र के अंत में अनुरोध किया गया है कि उक्त निर्माण कार्य से निकलने वाले उपखनिज साधारण मिट्टी लगभग 56802 घ0मी0 साधारण मिट्टी की रायल्टी जमा कराने की अनुमति चाही गयी है। शासनादेश संख्या 641(2)/86–2018–153 (सामान्य)/2017 दिनांक 28 मार्च, 2018 द्वारा प्रदेश में जनसामान्य को मिट्टी के उपयोग में आ रही कठिनाईयों के निराकरण और विकास कार्यों में मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए उसे गति प्रदान करने के उद्देश्य से साधारण मिट्टी/साधारण मृदा की रायल्टी दर शून्य कर दी गई है। साधारण मिट्टी की रायल्टी जमा कराये जाने के संबंध में आप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में किये गये अनुरोध के कम में अवगत कराना है कि उक्त शासनादेश दिनांक 28.03.2018 के पश्चात् जनपद के द्वारा प्रदेश में ऑनलाईन पोर्टल upminemitra.in विकसीत किया गया है, जिसमें ऑनलाईन अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदन की व्यवस्था वर्तमान में प्रचालित है, जिसके माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर अनुमति प्राप्त किया जा सकता है।

अतः आपको शासनादेश दिनांक 28.03.2018 तथा नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र में दिये गये दिशा निर्देश एवं समय–समय पर माननीय न्यायालय/माननीय उच्च न्यायालय/माननीय राष्ट्रिय हरित प्राधिकरण/उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों/शर्तो के सम्बन्ध में भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरक्षः अनुपालन आप द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। आप द्वारा शासनादेश दिनांक 28.03.2018 एवं शासनोदश संख्या 1542/86–2020–153(सा0)/2017 दिनांक 18.09.2020 में दिये गये निर्देशों के कम में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यावाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

संलग्नकः यथोपरि।

खान अधिकारी
गौतमबुद्ध नगर

कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म
जनपद गौतम बुद्ध नगर